# निवेश मित्र पोर्टल बना निवेशकों की पहली पसंद

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विधानसभा सचिवालय के तिलक हाल में गुरुवार को परिचर्चा आयोजित की गई। ईज आफ डूइंग बिजनेस व उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने के विषय पर चर्चा की गई। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यूपी तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। योगी सरकार में बदले माहौल ने निवेश को आकर्षित किया है।

कार्यक्रम में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि व्यापार की दृष्टि से प्रदेश सबसे सुरक्षित गंतव्य बन गया है। निवेश मित्र पोर्टल की मदद से निवेशकों को पारदर्शी ढंग से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पोर्टल के माध्यम से 42 विभागों की 500 से अधिक आनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह भारत के सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक है। निवेशकों की संतुष्टि का पता लगाने के लिए कराए गए थर्ड पार्टी आडिट कराया गया तो 97 प्रतिशत उपयोगकर्ता संतुष्टि दर की असाधारण उपलब्धि हासिल की है।